# शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बुधवार को कोटा और दीगोद क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां विभिन्न शिव मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। ऊर्जा मंत्री नागर ने समलेश्वर महादेव मंदिर चंद्रावला में शिवरात्रि मेले एवं संगीतमय श्रीराम कथा की पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं चौमा मालियान में भगवान शिव को जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। साथ ही, विशाल शिवरात्रि मेले का उद्घाटन किया।

ऊर्जा मंत्री नागर ने कचनावदा दीगोद में अति प्राचीन कालीसिंध केशर महादेव की स्थापना पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। चौमा मालियान में मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री नागर ने कहा कि सोमेश्वर महादेव जन-जन की आस्था के केंद्र हैं। यह मंदिर हमारी प्राचीन धरोहर है। जिसके मूल स्वरूप को बदले बिना जीर्णोद्धार के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के द्वारा प्रयास किए गए हैं। इसके लिए बजट भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि चोमेश्वर महादेव हमारी धर्म संस्कृति की प्रभावना को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमारा क्षेत्र कृषि पर आधारित है। परवन सिंचाई परियोजना के पाईपलाईन डाल चुकी है। जिससे जल्दी ही आने वाले समय में हमारे खेतों को सिंचाई और हमारे घरों को पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा शेष रहे क्षेत्र के लिए हरिपुरा मांझी के निकट एक ओर गेटेड डैम बन रहा है। जिसे ईआरसीपी में शामिल कर लिया गया है। इसका नाम राम जल सेतु योजना रखा गया है। जिससे कनवास तहसील के शेष रहे क्षेत्र को पानी लिफ्ट करेंगे। इसकी डीपीआर बन रही है। इससे आलनिया, मंडाना, लाड़पुरा क्षेत्र को भी लाभ होगा। वहीं इस क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

इसके अलावा चौमा में 132 केवी जीएसएस प्रस्तावित है। जिसकी जमीन आवंटन हो चुकी है। क्षेत्र में जल्दी ही पानी और बिजली जैसी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होंगी। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान कृष्णा शर्मा, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धनराज मीणा, मंडल अध्यक्ष विजय शंकर सैनी, मंडल महामंत्री मनोज तिवारी, सरपंच उछमा मीणा, मेला संयोजक भीमराज मीणा, मंडल प्रतिनिधि हेमराज मीणा, युधिष्ठिर खटाना समेत कई लोग मौजूद रहे।

# शिवरात्रि पर शिवमय हुए भक्त, वृद्धाश्रम में कुंभ मेला

**कोटा,** (निसं)। शिवरात्रि के अवसर पर पूरा शहर शिव भक्ति में सराबोर नजर आया। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा। भगवान शिव परिवार का अभिषेक व पूजा अर्चाना की जाती रही। वहीं शाम को भगवान शिव का मोहन श्रृंगार किया गया। शहर के अति-प्राचीन शिव मंदिर नीलकंठ महादेव में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं गेपरनाथ कर्णेश्वर कंसुआ आदि शिवालयों में भव्यता से पूजा-अर्चना की गयी।

वहीं महाकुंभ का समय होने के चलते कोटा में पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी के द्वारा अनूठी पहल करते हुए स्वामी विवेकानन्द नगर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिये कुम्भ कलश स्नान की व्यवस्था की गई। इनके लिये एक बड़ा से कुण्ड बनाया गया। जिसमें महाकुंभ का गंगाजल डालने के लिए महिलाऐं कलश में महाकुंभ का गंगाजल लेकर पहुंची। इसके बाद इस गंगाजल में मां चम्बल नदी का जल मिलाया गया और गुलाब की पंखुड़ियां डली गयी। तत्पश्चात बुजुर्गजनों ने इस कुंभ कलश में डुबकी लगाई। बुजुर्गो ने इस कार्य की सराहना की है।

श्री गेपरनाथ महादेव धाम पर मंदिर समिति द्वारा 47वां महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, महाशिवरात्रि के अवसर पर सूर्य की पहली किरण से पूर्व ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया और देखते ही देखते हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ गए और भोलेनाथ के दर्शन लाभ प्राप्त किए। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर, भोलेनाथ के जयकारों से आसमान गुंजायमान कर दिया। समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गर्ग एवं महासचिव भंवर लाल खींची ने बताया कि बुधवार को महाशिवरात्रि पर सुबह भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार के साथ दर्शन कराए गए, सायं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भोलेनाथ के भजनों पर भक्तगण भाव विभोर होकर आनंद की अनुभूति करते नजर आए। क्लब कोषाध्यक्ष हरीश गर्ग एवं मेला समन्वयक सुनील गर्ग ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रनिंग क्लब

- **शिवालय में उमड़ रही भीड़**

के सदस्य कोटा से दौड़ते हुए गेपरनाथ तक पहुंचे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समिति की ओर से सभी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। गुरूवार को आम भंडारे का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। केशवपुरा सेक्टर 4 स्थित बिजासन माता पार्क में श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से महाशिवरात्रि मनाई गई। इस अवसर पर मंगलवार को महावीर म्यूजिकल ग्रुप संचालक लोकेश गौड़, गायक मनीष केवट, राजवीर सिंह एवं गायिका पूजा द्वारा 'एक शाम भोलेबाबा के नाम' से द्वितीय जागरण के भव्य आयोजन में एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी गई। मीडिया प्रभारी कमलेश महावर ने बताया कि बुधवार को महादेव की 101 दीपकों से महाआरती की गई।

कंपीटीशन कॉलोनी, महावीर नगर तृतीय स्थित भगवान श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर में पंचदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ अपार उल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। इस महोत्सव में फागोत्सव, चतुप्रहर रुद्राभिषेक, भजन संध्या, शिव स्तुतियों का वाचन एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए हैं

श्री त्रिलोकी महादेव मंदिर व राधा कृष्ण मंदिर समिति, संतोषी नगर द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाँच दिवसीय महाशिवपुराण का आयोजन अत्यधिक श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जो कि सुबह 4 बजे तक चला। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ बड़ पीपल के विवाह का विशेष आयोजन भी धूमधाम से संपन्न हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम ने की और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मोहित गौतम उपस्थित रहे। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी शिवमंडल, श्री सत्येश्वर महादेव मंदिर पर तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव अत्यंत उत्साह और धूमधाम से मनाया गया, सिंधी समाज के बालक-बालिकाओं के यज्ञोपवित संस्कार संपन्न कराए, दिनांक 26 फरवरी बुधवर सुबह 5.00 बजे अभिषेक के साथ ही महाशिवरात्रि दर्शन प्रारंभ और 27 फरवरी गुरुवार को भोलेनाथ का आम भंडारा रखा गया।

गोकर्णेश्वर माहादेव मन्दिर पर शिवरात्रि महोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया सुबह से ही भक्तों की बड़ी संख्या ने भोलेनाथ के यह पर दूध से अभिषेक किया। और शाम चार बजे भोलेनाथ को चांदी से सजाकर श्रृंगार दर्शन कराए गऐ। यह आयोजन विगत कई वर्षों से समिति के प्रमुख पंडित अजय कुमार भट के सानिध्य में होता आया है यह जानकारी समिति के मिडिया प्रभारी घनश्याम सोरल गुल्ला ने दी।

# महाशिवरात्रि मेले का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागेश्वर पहाड़ी पर नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। मेले का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी व एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने पूजा अर्चना के बाद रिबन काट कर किया। इस दौरान तहसीलदार यादवेंद्र यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन सहित अन्य मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम महेन्द्र कुमार वैष्णव से बदलकर नया नाम महेन्द्र वैष्णव रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-महेन्द्र वैष्णव पुत्र रामेश्वर दास वैष्णव मकान नम्बर 5-ए-18 महावीर नगर एक्सटेंशन कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम हरदीप सिंह सोनी से बदलकर नया नाम हरदीप सिंह अरोड़ा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-हरदीप सिंह अरोड़ा पुत्र श्री राज सिंह सोनी, उम्मेद पार्क के सामने नियर पेट्रोल ऐबोव दिल्ली स्कूटर, नयापुरा, कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम ZARINA से बदलकर नया नाम JARINA SAIFI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-जरीना सेफी पत्नि सैफुद्दीन 132 खटीकों के मन्दिर के सामने सांगोद कोटा**

# 42 लाख की साईबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। साईबर टीम ने कार्यवाही करते हुए 42 लाख की साईबर ठगी करने के मामले में शातिर ठग को केन्द्रीय जेल अंबाला हरियाणा से प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 22 अगस्त 2024 को फरियादी प्रतीक ने साईबर थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह बैंगलोर में प्राईवेट नौकरी करता है और उसके पिता सिरोही में नौकरी करते है उनका खाता कोटा के गुमानपुरा क्षेत्र के एक बैंक में है। जिसमें करीब 42 लाख रूपये जमा थे। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 19 मई 2024 को जब पासबुक में एंट्री करवाने बैंक गया तो उसे ज्ञात हुआ की उसके अकांउट से 26 अप्रैल 2024 से 10 मई 2024 तक 27 ट्रांसजेक्शन के माध्यम से 42 लाख एक हजार 969 रूपये अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से निकाल लिये है। शहर एसपी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद साईबर थाने के उपअधीक्षक विनोद कुमार के सुपरविजन में साईबर थानाधिकारी सतीश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने आरोपियों के द्वारा साईबर ठगी में प्रयोग किये गये बैंक खातों व मोबाईल नंबरों का रिकॉर्ड प्राप्त किया।

# आकाश इंस्टीट्यूट कोटा ने सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के मेधावियों को सम्मानित किया

**कोटा,** (निसं)। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज द्वारा आयोजित आकाश प्रीमियर लीग के सम्मान समारोह का आयोजन कोटा में किया गया। इस कार्यक्रम में विजेताओं और भागीदारों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के राजस्थान क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची सफलता वही है जो हमें मानसिक शांति और खुशी दे। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज है खुश रहना और अपने उद्देश्य को समझना। जब हम अपने जीवन के उद्देश्य को पहचानते हैं, तब हम किसी भी कठिनाई से पार पा सकते हैं।

उन्होंने जीवन के उद्देश्य और दर्शन पर भी विचार साझा किए। दीक्षित ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल सफलता हासिल करना नहीं है, बल्कि अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी, आत्मविश्वास और मेहनत से संतुष्ट रहना भी है। जीवन का उद्देश्य स्वयं को जानना और हर दिन अपने लक्ष्य के लिए

- **मेगा फेस्ट, आकाश प्रीमियर लीग जैसे नवाचारों के माध्यम से प्रतिभा के हर पहलू को संवारने की सार्थक पहल**
- **'जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज है खुश रहना और अपने उद्देश्य को समझना'**
- **कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए**

बेहतर बनना है। साथ ही दीक्षित ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी यात्रा में चुनौतियों का सामना करने से न डरें। हर सफलता के पीछे संघर्ष होता है, और हर कठिनाई हमें एक नया रास्ता दिखाती है। जीवन का सही उद्देश्य यही है कि हम अपने सपनों की ओर बढ़ें, खुद से प्यार करें, और आत्मविश्वास के साथ हर कदम उठाएं। इस कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए, और आकाश प्रीमियर लीग के सभी भागीदारों को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। आकाश प्रीमियर लीग में विजेता टीम के कप्तान मोहम्मद कैफ ने ट्रॉफी उठाई जबकि द्वितीय स्थल पर रही टीम की तरफ से मारुफ ने ट्रॉफी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान मेगा फेस्ट में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। डांस प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार पद्मनव, दूसरा पुरस्कार अविषा और रुपल, तीसरा पुरस्कार तस्मिया, अविषा और आसिया को मिला। सिंगिंग प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार पद्मनव को मिला। रस्सी खींच में लड़कों की टीम का पुरस्कार टीम पियूष तथा लड़कियों की टीम का पुरस्कार टीम गौरवी को प्राप्त हुआ। कविता प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार संजय कुमार यादव को मिला। दौड़ प्रतियोगिता में लड़कों में यह पुरस्कार अरविंद को तथा लड़कियों में यह पुरस्कार रिद्धिमा को मिला।

नींबू और चमच की दौड़ में लड़कों का पुरस्कार आकाश तथा लड़कियों का पुरस्कार साक्षी परालिया को मिला। स्केचिंग प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार आकाश राज, दूसरा पुरस्कार आयुष साहू तथा तीसरा पुरस्कार गौरवी को प्राप्त हुआ। इन विजेताओं को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई और उन्हें भविष्य में भी सफलता की ऊँचाईयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। दीक्षित ने सभी को प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान दी गई प्रेरणादायक बातों ने सभी विद्यार्थियों में न केवल खुश रहने की प्रेरणा दी, बल्कि उन्हें जीवन के उद्देश्य और दर्शन को समझने का भी अवसर दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद साबित हुआ, जो उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति प्रेरित और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।

# सर्व जातीय निर्धन कन्याओं का हुआ निःशुल्क विवाह

**कोटा,** (निसं)। श्री महाकालेश्वर सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। समिति द्वारा 17वां सर्वजातीय निशुल्क 11 कन्याओं का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। विधि-विधान से विवाह सम्पन्न कराया गया जिसमें दुल्हों की घोड़ी पर निकासी निकाली गई, तोरण के कार्यक्रम हुए और हर्षोल्लास के साथ मंत्रोच्चार कर विवाह सम्पन्न कराया गया। संचालक भरत शाक्यवाल ने बताया कि जागरण और भण्डारे का आयोजन समिति द्वारा किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और भोलेनाथ के भजनों पर थिरकते रहे, भंडारे में भी हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

**पश्चिम मध्य रेल**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक

पत्र सं बिक्री/1402/मु. भं./डब्ल्यू सी आर ई-नीलामी/प्रोग्राम/2024-25 दिनांक: 24.02.2025

विषय: अप्रैल मई एवं जून - 2025 का ई-नीलामी कार्यक्रम।

अप्रैल मई एवं जून - 2025 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई-नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार है।

| नीलामी का स्थान | सडिपुकाभोपाल/ | वैगन मरम्मत शॉपकोटा | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्बंधित व्यक्ति | उप मुख्य सा/ भोपाल (0755-2747414) | उप मुख्य सा/ कोटा (0744-2467082) | व/मं. सा. प्र. जबलपुर (0761-2623491) | व/मं. सा. प्र. भोपाल (0755-4001594) | व/मं.सा.प्र. कोटा (0744-2467006) |
| नीलामी की तिथी अप्रैल - 2025 | 07.04.2025 | 08.04.2025 | 09.04.2025 | 14.04.2025 | 15.04.2025 |
| | 16.04.2025 | 17.04.2025 | 21.04.2025 | 22.04.2025 | 23.04.2025 |
| नीलामी की तिथी मई - 2025 | 08.05.2025 | 09.05.2025 | 13.05.2025 | 14.05.2025 | 15.05.2025 |
| | 16.05.2025 | 19.05.2025 | 20.05.2025 | 21.05.2025 | 22.05.2025 |
| नीलामी की तिथी जून - 2025 | 09.06.2025 | 10.06.2025 | 11.06.2025 | 12.06.2025 | 13.06.2025 |
| | 16.06.2025 | 17.06.2025 | 18.06.2025 | 19.06.2025 | 20.06.2025 |

**नीलामी आइटमः**- अनुपयोगी रेल और अन्य पी-वे सामग्री कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिंक स्कैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट, अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप फाउड्री स्लैग और अन्य विविध स्कैप आदि।

(हस्ता.)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (बिक्री), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Computer Science/IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design)
**M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Three Year Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$**
**B.Sc.** (Data Science)/**B.Sc.** (Data Science) Hons.
**M.Sc.** (Computer Science)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**M.Sc.** (Physics)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**
**B.Arch.+**

**LAW**
**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology)
**B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated)** | **BSW** | **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**
**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**
**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**
**B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle)#, **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval

LAST DATE FOR APPLICATION **30 April, 2025**

## SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

## Enquiries can be made at

- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
  +91-9116624102 (Engineering & Technology)
  +91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
  +91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
  +91-9116624105 (Law & Management Studies)
  +91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
  +91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)

Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

## How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"**
Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**

Scan to explore

## Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2025
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia